Estbl :1952

Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University
Muzaffarpur(Bihar)-842001

Website:- www.brabu.ac.in

E-Mail Id:-registrar.brabu@gov.in
registrar.brabu@gmail.com

Ref. No. B/2741 Date. 05/07/2026

सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि यह बात संज्ञान में आई है कि बी० आर० अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में विभिन्न परिवाद पत्र / शिकायत पत्र / आवेदन विभिन्न माध्यमों से प्राप्त कराए जा रहे हैं | जिनमें परिवादी/ शिकायतकर्ता / आवेदक के द्वारा संबंधित साक्ष्य को संलग्न नहीं किया जाता है एवं हस्ताक्षर भी नहीं रहता है जिससे परिवाद/ शिकायत/ आवेदन के निमित कार्रवाई एवं निष्पादन में कठिनाई उत्पन्न होती है |

अतएव उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए माननीय कुलपति महोदय ने सम्यक विचारोपरान्त यह आदेश देने की कृपा की है कि :

1. इस बात की संपुष्टि की जाए कि विषयांकित परिवाद पत्र पर शिकायतकर्ता / परिवादी/ आवेदक का हस्ताक्षर है एवं उन्हें तथ्यों की पूरी जानकारी है |
2. प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी का शपथ- पत्र (मूल रूप में संलग्न करें) कि आपको तथ्यों कि पूरी जानकारी है और उसे प्रमाणित करने के लिए आप विश्वविद्यालय को अपेक्षित सहयोग करने के लिए तैयार हैं |
3. यदि आरोपों के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य आपके पास हो तो उसकी छाया प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये |
4. परिवाद के अनुसन्धान के बीच आप किसी भी परिस्थिति में परिवाद/ शिकायत/ आवेदन को वापस नही लेंगे अन्यथा आप विश्वविद्यालय के अधिनियमानुसार कठोर दंड के भागी होंगे एवं आपसे विधिसम्मत जुर्माने की राशि वसूल की जायेगी | साक्ष्य के अभाव में परिवाद पत्र/ शिकायत पत्र/ आवेदन को संचिकास्त कर दी जायेगी |

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार |

ह०/-
कुलसचिव

पत्रांक : B/2742 दिनांक : 05/07/2026

प्रतिलिपि : माननीय राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव / कुलपति महोदय के निजी सचिव / सभी संकायाध्यक्ष / सभी विभागाध्यक्ष / सभी पदाधिकारी / सभी प्रशाखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आई० टी० सेल को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित |

5/7/26

कुलसचिव
(प्रो० (डॉ०) समीर कुमार शर्मा)
बी० आर० अम्बेडकर बिहार
विश्वविद्यालय
मुजफ्फरपुर

5/7/26